<u>प्रादेशिक समाचार</u>
<u>आकाशवाणी भोपाल</u>
<u>सांध्यकालीन समाचार</u>

दिनांक : 17.06.2024 समय : 0710pm

**मुख्य समाचार :—**

- राज्य में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए कल से चलाया जायेगा राजस्व महाभियान।
- देष के युवा है भविष्य के नीति निर्माता कहा केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने।
- प्रदेष में बारिष का दौर लगातार जारी। कई जिलों में जनजीवन हुआ प्रभावित।
- एषिया कप टी—20 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत का पहला मुकाबला पाकिस्तान से।

**अब समाचार विस्तार से:—**

**<u>राजस्व महा अभियान</u>**

राज्य में किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय—सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिये कल से 31 अगस्त तक राजस्व महा अभियान – 2.0 संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों और आमजन की सहुलियत के लिये पटवारी और मैदानी अमला अपने मुख्यालय पर रह कर दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों का गंभीरता के साथ समय—सीमा में निराकरण किया जाये। इस महा अभियान में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती और सीमांकन के प्रकरणों में निराकरण का लक्ष्य रखा गया है। अभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक फसल डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जायेगा। राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने बताया कि महा अभियान के जरिये अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में और विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिन में किया जायेगा। उन्होंने कहा कि महा अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

**<u>मांडविया—पुरस्कार</u>**

केन्द्रीय युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश के युवा भविष्य के नीति निर्माता है। उन्होंने कहा कि सरकार विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मांडविया आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय युवा और राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार विजेताओं से संवाद कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं की बदलाव लाने की क्षमता से देश प्रगति और नवाचार की ओर अग्रसर होगा।

**<u>जल संसाधन</u>**

गुजरात के जल संसाधन मंत्री कुंवर जी भाई मोहन बावलिया ने आज भोपाल में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट से मुलाकात की। इस दौरान दोनों राज्यों की सिंचाई परियोजनाओं और आपसी सहयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री बावलिया ने बताया कि सिंचाई के क्षेत्र में मध्यप्रदेश नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यहां की मोहनपुरा कुंडलिया और केन बेतवा लिंक परियोजनाओं का न केवल भारत में बल्कि विश्व की सिंचाई परियोजना में महत्वपूर्ण स्थान हैं। उन्होंने कहा कि सिंचाई के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में किए जा रहे नित नए प्रयोगों को गुजरात सरकार भी अपनाएगी।
इस मौके पर मंत्री श्री सिलावट ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीघ्र ही केन बेतवा लिंक परियोजना का भूमि पूजन करने के लिए मध्यप्रदेश आने वाले हैं।

**<u>नड्डा—समीक्षा बैठक</u>**

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने एक विश्व स्तरीय दवा नियामक ढांचा बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने उत्पादों की उच्चतम गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दवा और चिकित्सा उपकरण उद्योग के साथ निरंतर बातचीत पर भी बल दिया। श्री नड्डा ने आज नई दिल्ली में दवाओं, सौंदर्य प्रसाधनों और चिकित्सा उपकरणों के विनियमन पर एक समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि दवाओं के उत्पादक और निर्यातक के रूप में भारत, वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ गया है।

**सम्पूर्णता अभियान–धार**

धार जिले के तिरला विकासखंड को नीति आयोग द्वारा आकांक्षी विकास खंड के रूप में चयनित किया गया है जिसके तहत धार जिला मुख्यालय पर संपूर्णता अभियान की शुरुआत हुई है। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्टः

**राष्ट्रपति भाषण – पुस्तक**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यकाल के पहले वर्ष के 75 महत्वपूर्ण भाषणों को संकलित करने वाली पुस्तक "विंग्स टू अवर होप्स – खंड–1" कल नई दिल्ली में जारी की जाएगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान इस ई–बुक का विमोचन करेंगे। इस दौरान सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव भी उपस्थित रहेंगे। प्रकाशन विभाग द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध होगी।

**मुहर्रम**

मुहर्रम का पर्व आज प्रदेश भर में श्रद्धा और पवित्रता के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व पैगंबर मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मनाया जाता है। हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों ने कर्बला की लडाई में सत्य और न्याय के लिए कुर्बानी दी थी। इस अवसर पर ताजिए के जुलूस निकाले जाते हैं। साथ ही धार्मिक बैठकें और मजलिसें भी आयोजित होती हैं। जिनमें कर्बला के शहिदों के सर्वोच्च बलिदान का उल्लेख किया जाता है। प्रदेष के सतना और पन्ना सहित अन्य जिलों से भी मुहर्रम का पर्व मनाये जाने के समाचार मिले हैं।

**जीतेन्द्र–हेल्थकेयर**

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सुलभ और किफायती स्वास्थ्य देखभाल के लिए नवीनतम तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया है। उन्होंने कहा है कि जहां प्रौद्योगिकी से स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में क्रांति आ रही है वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग टूल के एक साथ उपयोग से दक्षता में वृद्धि और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो सकता है। आज नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश विश्व के शीर्ष छह जैव–निर्माताओं में से एक है और किफायती स्वास्थ्य देखभाल का बडा केंद्र बन गया है।

**मौसम**

प्रदेश में मानसून ट्रफ लाइन और साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से आंधी–बारिश की गतिविधियां लगातार जारी हैं। जिसके चलते कई जिलों में बारिश से जन–जीवन प्रभावित हुआ हैं और नर्मदा सहित कई अन्य नदियां भी उफान पर आ रही हैं। प्रदेष भर में पिछले 2 दिन से तेज बारिश का दौर बना हुआ है। मौसम विभाग ने बताया है कि अगले पांच दिनों तक तेज बारिश का ये दौर बना रहेगा। प्रदेश में अब तक औसत 10.6 इंच बारिश हो चुकी है और इस बारिश से प्रदेश के बड़े बांधों और तालाबों में भी पानी बढ़ रहा है। सीहोर के कोलार, शहडोल के बाणसागर, खंडवा के ओंकारेश्वर, जबलपुर के बरगी, नर्मदापुरम के तवा के साथ–साथ भोपाल के कलियासोत डैम में भी एक से दो फीट तक पानी बढ़ गया है।

**टी–20**

एशिया कप टी20 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट आगामी 19 जुलाई से श्रीलंका के दांबुला में शुरू हो रहा है। टूर्नामेंट के ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात और नेपाल की टीम है। जबकि मेजबान श्रीलंका के साथ मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश ग्रुप बी में है। 2012 से टी20 फार्मेट में तब्दील हुये महिला एषिया कप को भारत ने 2018 को छोड़कर हर बार जीतने का गौरव हासिल किया है। प्रतियोगिता में भारत का पहला चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- सतना में आज एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 35 लोग घायल हुए है। श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक ट्रैक्टर–ट्राली अनियंत्रित होकर पलटने ये हादसा हुआ।
- श्योपुर जिले के ओछापुरा थाना क्षेत्र में आज सुबह पत्थरों के अवैध खनन से बनी खदान में डूबने से दो नाबालिग बच्चों की मौत हो गई।
- आगरमालवा जिले के एक स्कूली छात्र के इनोवेटिव पेट्रोल पम्प के विज्ञान मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता के लिये हुआ है।
- आज सीहोर के जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आष्टा जनपद पंचायत परिसर रोजगार मेला आयोजित किया गया। इस रोजगार मेला में 118 आवेदकों ने भाग लिया।

————————————